डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष कृष्ण 03,2083 | भोपाल,दिन शुक्रवार, दिनांक 27 नवम्बर,2026

न्यूज गैलरी

कश्यप की काव्य कृति का विमोचन

भोपाल। हाल ही कश्यप की नौवीं काव्य कृति 'आलोक के पार' का गुरुवार को संवादरत में विमोचन हुआ। पुस्तक में मानवीय रिश्तों की विसंगतियों और संवेदनाओं को कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। वरिष्ठ साहित्यकारों ने कृति की सराहना की। मुख्य अतिथि साहित्यकार इंदिरा गांधी ने कहा कि कविताएं जीवन के संघर्ष और अनुभवों को अभिव्यक्ति देती हैं।

मैनिट के 18 विद्यार्थियों का चयन

भोपाल। मौलिक खाद्य क्षेत्र की नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मैनिट के 18 बीटेक विद्यार्थियों का जीएस ट्रेनीशिप के तहत चयन किया है। संस्थान के अनुसार, देशभर में किसी एक संस्थान से इतने विद्यार्थियों का चयन उल्लेखनीय है। चयनित विद्यार्थियों को 13 लाख रुपए सालाना पैकेज दिया गया है, जो शहीदान के बाद 19 लाख रुपए होने की संभावना है।

एक दिसंबर को काल भैरव जयंती

भोपाल। मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर एक दिसंबर को काल भैरव जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन होंगे। पंडित जगदीश शर्मा के अनुसार, मान्यता है कि इसी दिन भगवान काल भैरव का प्राकट्य हुआ था। शाम्भवी मनवाल शिव का स्वरूप माना जाता है। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे।

समान शिक्षा के संकल्प के साथ नागरिकों ने निकाली रैली

भोपाल। सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा की मांग को लेकर गुरुवार को नागरिकों ने रैली निकाली। विट्ठल मार्केट से शुरू हुई रैली 10 नंबर, हरे कृष्णा मार्केट और ओला दिनचर्या विशिष्ट क्षेत्रों से गुजरी। आयोजन में सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने और सभी बच्चों को समान अवसर देने का संकल्प लिया गया। समापन पर पूर्व अध्यक्षाओं ने ज्ञापन के माध्यम से समाधान का कार्ययोजना प्रस्तुत की।

चार जिलों में शीतलहर का अलर्ट, भोपाल में पारा 10 डिग्री से नीचे

भोपाल। शहर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण प्रदेश में सर्दी बढ़ गई है। कटनी के कठौंदी में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में भी पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भोपाल, शाजापुर, कटनी और दमोह में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

संविधान दिवस | **संविधान निर्माण में मध्यप्रदेश का अहम योगदान, सीएम**

भारत नाम रखने की पैरवी से सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की मांग

भारत नाम रखने की पैरवी से सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की मांग तक प्रदेश के प्रतिनिधियों की रही भूमिका, दीनानाथ भार्गव के योगदान को किया याद

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भारतीय संविधान के निर्माण में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश का नाम इंडिया के स्थान पर भारत रखने की पैरवी से लेकर सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की मांग तक प्रदेश के प्रतिनिधियों ने अहम भूमिका निभाई थी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को संविधान दिवस पर विधानसभा परिसर में आयोजित संविधान उत्सव-2026 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस मनाया गया। सम्मान और अंतर्मन भारतीय संविधान की मूल भावना है। संविधान दिवस हमारी गौरवशाली परंपरा और लोकतांत्रिक मूल्यों को याद करने का अवसर है। हमें अपने संविधान और उसके निर्माताओं के योगदान पर गर्व होना चाहिए।



दीनानाथ भार्गव के योगदान को किया याद

मुख्यमंत्री ने संविधान के पहले पृष्ठ पर अंकित स्वप्न का चित्र बनाने वाले मध्यप्रदेश के शिक्षाविद स्वर्गीय दीनानाथ भार्गव के योगदान को याद किया। इस अवसर पर उनके पुत्र का सम्मान भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माण में प्रदेश की उन्हें विभूतियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संसदीय सचिवालय से लेकर संविधान निर्माण में योगदान देने वाली मध्यप्रदेश की विभूतियों के बारे में जानकारी देने वाली प्रदर्शनी का लगाई गई। इसमें डॉ. हरिसिंह गौर, एमबीराव मडखोलकर सहित अन्य प्रमुख व्यक्तियों के योगदान को सहेजने का प्रयास किया गया।

कांग्रेस पर संविधान के मूल भाव से खिलवाड़ का आरोप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस पर संविधान की मूल भावना को समझने और उसका सम्मान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान के मूल भाव को तोड़ने-मरोड़ने का काम किया। महज ही 90 से ज्यादा बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा-पीठिका है और इसकी गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने संविधान के मूल सिद्धांतों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के सम्मान पर जोर दिया।

संविधान अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है रू तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने 75वें संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने देश को संविधान रूपी ऐसा ग्रंथ दिया है, जो हर कालखंड में प्रासंगिक रहेगा। संविधान नागरिकों को अधिकार देने के साथ उनसे कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा कि संविधान का सम्मान करना और उसके आदर्शों के अनुरूप व्यवहार करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

विधानसभा परिसर में हुआ आयोजन

संविधान उत्सव के दौरान विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने संविधान निर्माण में योगदान देने वाली विभूतियों को याद किया और सामूहिक प्रस्तावना का अनुवाचन किया। कार्यक्रम में संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था और नागरिक कर्तव्यों के महत्व पर भी विचार रखे गए।

हैंडराइटिंग जांच के आधार पर अदालत ने सुनाया फैसला,

आरोपी को 20 साल की कैद, एक करोड़ का जुर्माना



डीआर संवाददाता॥ बैतूल

सब्जपुरगिल के रोजगार्पुरम कर्मचारियों से एक करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी मंजीकिशोर पैकुलम को अदालत ने 20 मामलों में कुल 120 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी सजाएं एक के बाद एक चलाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही आरोपी पर एक करोड़ रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसे पीड़ितों को दिया जाएगा।

विशेष लोक अभियोजक शशिकांत नागले के अनुसार, आरोपी खुद को बैंक का फील्ड ऑफिसर बताकर जनसुरक्षित के रोजगारपुरा कर्मचारियों को रकम दोगुनी करने का लालच देता था। इस झांसे में लोकर सैकड़ों लोगों ने करीब 3 करोड़ रुपए निवेश किए थे। जांच में सामने आया कि उसने फर्जी दस्तावेजों पर नियुक्ति पत्र और बैंक पासबुक तैयार की थीं। पैसे लौटाने की मांग करने पर वह धमकी देता था।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर, बैंक लॉकर, बैंक स्टेटमेंट और नगद हस्ताक्षर जब्त कर जांच के लिए भोपाल भेजे। हैंडराइटिंग विशेषज्ञ ने दस्तावेजों पर पीड़ित हस्ताक्षरों का मिलान किया, जिससे आरोपी की संलिप्तता की पुष्टि हुई। इसी जांच रिपोर्ट को अदालत में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को 20 मामलों में दोषी ठहराते हुए 120 साल की कठोर कैद और एक करोड़ रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

सरकारी जमीन को निजी बताने के मामले में पैं भटनागर पर विभागीय जांच की तैयारी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मनावदेश कैथर के 2012 बैच के आईएएस अधिकारी और निवाड़ी के तत्कालीन कलेक्टर तरुण पटनायक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। करीब डेढ़ साल पुरानी जमीन से जुड़े मामले में उनके खिलाफ विभागीय जांच की तैयारी की जा रही है। शासन स्तर पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहले 14 मामलों में से एक में भारत उत्तरदान तय करने का रहे है।

मामला निवाड़ी की करीब 22 एकड़ जमीन से जुड़ा है। आरोपी से पहले के बंदोबस्त रिकॉर्ड में यह जमीन सरकारी दर्ज थी। आरोप है कि तत्कालीन कलेक्टर पटनायर ने इस जमीन के करीब दो-तिहाई हिस्से को अपने आदेश में निजी व्यक्ति का बता दिया। खास बात यह है कि इसी जमीन के दूसरे हिस्से को सरकार मानता था। इसी फैसले को लेकर सवाल उठे और मामला शासन तक पहुंचा।

निवाड़ी के तत्कालीन कलेक्टर के फैसले पर उठे सवाल, शासन के पास कार्रवाई के लिए पहुंचे 14 मामले



जब इस प्रकरण में विभागीय जांच की कार्रवाई शुरू होने के संकेत मिले। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही अदालती और अंतिम कार्रवाई की जिम्मेदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी।

हरदा पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में दो गर्भ को राहत

जनवरी 2024 में हरदा के उमेद पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 26 से अधिक लोग घायल हुए थे। घटना के बाद तत्कालीन कलेक्टर और 2013 बैच के आईएएस ऋषि गर्ग को पद से हटाकर संबंधित ने उन्हें मंत्रित दो रूप से हटाकर संबंधित ने उन्हें मंत्रित दो रूप से हटाकर संबंधित ने उन्हें मंत्रित दो रूप

डीआर सीहोर

डिजीटल अखबार

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीर्ष कृष्ण 03, 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 27 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

आष्टा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारीद की लगभग 70 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का दल चार दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कर सकुशल वापस लौटा। यात्रा 22 से 25 नवंबर तक रही। पहले दिन दल ने आगर-मालवा जिला का बगलामुखी (नलखेड़ा) के दर्शन किए और उज्जैन पहुंचा। दूसरे दिन महाकाल दर्शन और के दर्शन के बाद विडी पैलेस, जंतर-मंतर, ब्रम्हगढ़, जलमहल और आमेर किले का भ्रमण किया। तीसरे दिन दादू द्वारा जी व ब्रम्हकुंड के दर्शन किए फिर नितांतगढ़ स्थित शांतिदेवा पीठ (मंदसौर जी) के दर्शन कर सुबह को वापिस लौटे। विद्यालय प्रबंधक नरेंद्र पटवार ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से कितनी ज्ञान प्राप्तहोता बनता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। यात्रा प्रवेशक परमार जी गार्गदर्शन आचार्य चारु पलसर, प्रभात राजेश पटवार व गरेश पटवार की अनुशासन पर आयोजित हुई।

आष्टा मंडी में 19,807 क्विंटल कृषि उपज की आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को जुल 19,807 क्विंटल कृषि उपज की आवक हुई। सोयाबीन पीला 3,300 से 5,411 रुपए और गेहूं 2,600 से 5,720 रुपए प्रति क्विंटल बिका। सब्जी बाजार के भाव 8,200 से 9,500 रुपए रहे। लहसुन 5,300 से 5,711, चना 2,300 से 2,687 और उड़द 7,601 रुपए प्रति क्विंटल बिका। फल-सब्जी मंडी में प्याज 1,300 से 4,500 और लहसुन 2,700 से 10,200 रुपए प्रति क्विंटल रहा। यहां 409 वाहनों आवक दर्ज हुई।

वातायात नियम तोड़ने पर 13 चालान, 24 हजार रुपए समन शुल्क वसूला

सीहोर। शहर बाजार और पशु बाजार के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात प्रभारी एवं सहित निरीक्षक शिरोज अहिरवार ने शहर के प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 13 चालान काटकर 24 हजार रुपए समन शुल्क वसूला गया। टीम ने भोपाल नाका, कोतवाली चौराहा, कचहरी चौराहा, पल्सा मंडी और इदगाह नाका सहित प्रमुख स्थानों पर व्यवस्था देखी। एसडीपी जी छुट्टी के समय बसों और वाहनों को भी व्यवस्थित तरीके से निकलवाया गया।

झागरिया प्रीमियर लीग में सौर्य 11, राणा चैलेंजर और परमार स्टोन जीते

सीहोर। झागरिया प्रीमियर लीग सीजन-5 एवं गंडी कप 3 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहले मैच में प्रदीप सोयाइल ने 33 रन बनाए, जबाब में सौर्य 11 ने 87 रन बनाकर जीत दर्ज की। तारिक खान मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मुकाबले में राणा चैलेंजर ने 102 रन बनाए, जबकि रवि ट्रेडर्स 88 रन ही बना सकी। दीपक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में परमार स्टोन ने 100 रन बनाकर संदीप साहू 11 के 85 रनों के स्कोर को पार किया। राजकमल मैन ऑफ द मैच रहे।

साजिद अली की कव्वाली ने बांधा समां

आष्टा। कोजिलोलिया क्षेत्र में आयोजित समारोह में मोयाल से आए मशहूर कव्वाल साजिद अली ने अपनी आवाज और अन्दाज से श्रोताओं का मन मोह लिया। कव्वाली का दौर देर रात तक चलता रहा

लोकार्पण आज मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री भैरूंदा में करेंगे सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का लोकार्पण

परियोजना से भैरूंदा विकासखंड के 76 गांवों के 30 हजार 91 हेक्टेयर क्षेत्र में मिलेगी सिंचाई सुविधा

डीआर संवाददाता>>भैरूंदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केन्द्रीय कृषि एवं कार्मिक विकास मंत्री श्री जितनराम सिंह मौहान 27 नवंबर को सीहोर जिले के भैरूंदा में आयोजित कार्यक्रम में सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इस सिंचाई परियोजना के लोकार्पण से भैरूंदा विकासखण्ड के 76 गांवों के किसानों को वर्षों सौगात मिलेगी। सीप अंबर सिंचाई कॉन्फेडरेशन परियोजना के माध्यम से कृषि सिंचाई क्षेत्र के पैमाने विकासखंड के 76 गांवों के 30 हजार 91 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। यह दोनों परियोजनाएं 526.22 करोड़ रुपये की लागत से बनी है। इसके अलावा सिंचाई विकासखण्ड के 41.44 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे।



सीप-अंबर फेज-1

सीप-अंबर सिंचाई परियोजना के फेज-1 के अंतर्गत 47 गांवों की 15 हजार 284 हेक्टेयर भूमि तथा फेज-2 के अंतर्गत 29 गांवों की 14 हजार 807 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दोनों फेजों में नर्मदा नदी से जल का उद्वहन कर एक हाइस और जहांपाखुद से सागर से विशाली के खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। फेज-1 में 16.57 किलोमीटर तथा फेज-2 में 24.09 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है।

सीप-अंबर फेज-2

फेज-1 के लिए 346.12 करोड़ रुपये तथा फेज-2 के लिए 180.11 करोड़ रुपये का प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। फेज-1 का निर्माण दीवा की मेसर्स पीजय कुमार सिंघ कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड तथा फेज-2 का निर्माण अहमद बाद (गुजरात) की एसएमसी इंफ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा किया गया है। दोनों परियोजनाओं के निर्माण के लिए 36 माह की समय-सीमा निर्धारित की गई थी और निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अनुबंध के अनुसार संबंधित एजेंसियों द्वारा आगामी पांच वर्षों तक परियोजनाओं का संचालन एवं रखरखाव भी किया जाएगा। खुली नहरों की जगह भूमिगत पाइपलाइन से होगी सिंचाई सीप-अंबर सिंचाई परियोजना में पारंपरिक खुली नहरों के स्थान पर आधुनिक भूमिगत दबावयुक्त पाइपलाइन तकनीक का उपयोग किया गया है। इससे वहां नर्मदा नदी से पानी लिफ्ट कर पाइपलाइनों के जरिए खेतों तक पहुंचाया जाएगा। इससे पानी के रिसाव और वाष्पीकरण से होने वाली बर्बादी कम होगी। निरंतर नियंत्रित तकनीकी व्यवस्था के अनुसार सिंचाई और पेयजल आपूर्ति का विवरण भी मालवी की सिंचाई कर सकेंगे। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होना साथ किसानों की आय बढ़ोतरी और खुली विकास को गति मिलेगी।

सीएम कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भैरूंदा में 27 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री बालकृष्ण के. ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, वाहनों, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पहले पूरी करने तथा कार्यक्रम के दौरान अनावश्यक भीड़ लगाने पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, वाद-विवाद, प्रश्नमंच और वक्तृता प्रतियोगिताएं आयोजित



डीआर संवाददाता>>इछावर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, पंचदेवल आवास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन जिला स्तरीय युवा उत्सव के दूसरे दिन 26 नवंबर को साहित्यिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों से कुल विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

द्वितीय दिवस पर तिथी वाद-विवाद, प्रश्नमंच और वक्तृता प्रतियोगिताएं हुईं। रोचक मीडिया-वातावरण का अभिव्यक्ति विषय पर आयोजित वाद-विवाद में विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। प्रश्नमंच में प्रतिभागियों ने सामान्य ज्ञान और वियागत समूह का प्रदर्शन किया। वही शब्दगुफ्त्व मंत्रत में युवाओं की भूमिका विषय पर वक्तृता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. तृप्ता डाड ने कहा कि युवा उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है।

प्रतियोगिताओं में डॉ. दीपक बिसेनिया, डॉ. प्रिया सीया और डॉ. सुमन कोरीया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आयोजन में डॉ. सिद्धान्त कुशवाह, डॉ. जितेंद्र आर्य सहित समिति सदस्यों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेंद्र आर्य ने किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को आगामी स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

आरओबी की अधूरी सर्विस रोड से हादसों का खतरा

डीआरसंवाददाता>>नसरूल्लागंज

रेलवे सागपार क्रमांक 104 पर बने रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर आवागमन शुरू हो चुका है, लेकिन दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण पूरा नहीं होने से हजारों कॉलोनीवासियों को परेशानी हो रही है। सीहोर की ओर से बिछे नए इंटरलॉकिंग टाइलों की सीधी जाने वाले चार्ज पर सर्विस रोड अधूरी है। इससे मुख्य मार्ग पर पुराने समय यातायात बाधित होता है और हादसों का खतरा बना रहता है।

भूमि विवाद के कारण रुका निर्माण

जानकारी मिली है कि शासकीय और निजी भूमि की सीमा को लेकर विवाद के कारण काम रुका हुआ है। कलेक्ट ने कि राजीव पुरी स्थानों ने निर्धारित समय पर दीवार खड़ी कर उसके के विस्तार में बाधा उत्पन्न कर दी है।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मार्च 21 के पर्याप्त जनहोत नुकसान ने इलाकिय चेंबर ऑफ कॉमर्स और व्यवसायिक संगठनों की ओर से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें व्यवसाय प्रभावित होने, ग्राहकों के दुर्घटना की आशंका जताई गई है। तत्काल रोशनाम लगाने, शासकीय भूमि से अवरोध हटाने और अधूरी सर्विस रोड का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई है।

संकल्प केंद्र में संविधान दिवस समारोह का शुभारंभ

डीआर संवाददाता>>सीहोर



शहर के तीनबत्तीबीड़ स्थित संकल्प नगर शुक्ल क्षेत्र में जी विधानीय संविधान दिवस समारोह का शुभारंभ विधान सभाक्षेत्र के पाल हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय सहायक राज्य मंत्री श्री एवं सांसद सीहोर श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री रमेश मेंदोला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि अरुण शमी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मुकेश टंडेलिया, जिला कलेक्टर श्री बालकृष्ण के., पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सम्मान, अधिकार, समानता और सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि संविधान ने ही हमें लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक सद्भाव का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि संविधान की विशेषताओं, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और नागरिकों के उनके कर्तव्यों का भी बोध कराया है।

सांसद श्री चौहान ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर सुनाया और कहा कि संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करना है। युवाओं को संविधान का अध्ययन कर जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए।

आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में सांविधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न गतिविधियों में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

भाजपा जिला कार्यालय में मनाया संविधान गौरव दिवस, प्रस्तावना का वाचन

डीआर संवाददाता>>सीहोर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अमर रहें के नारे लगाए और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार सुनिश्चित करने का सपना प्रस्तुत किया। मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष और समानता की प्रेरणा देता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विनीता राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार ने बाबा साहब के पंचतीर्थों का निर्माण कराया है। अब सोनो सांसद कार्यालयमंत्री सांसद रवि भलावी ने उनके संदेश श्रीमंत करो, संपत्ति करो और मातृ नगरों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनाएं।

कार्यक्रम में डॉ. रतन नामदेव सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। संचालन विजय पाटीदार ने किया तथा अन्त में नगर महामंत्री दीपा सक्सेना ने आभार। इस अवसर पर भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आष्टा में आयोजित रोजगार मेले में युवाओं को मिला रोजगार

डीआर संवाददाता>>सीहोर



युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आष्टा के शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में जिले की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित युवाओं के साक्षात्कार लिए गए तथा उनकी योग्यता के अनुसार चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। मेले में बैंकिंग, इंश्योरेंस, सेल्स एवं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कुल 11 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

रोजगार मेले में कुल 362 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक नाम लिखा, जिनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के माध्यम से 178 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। मेले में आचार्य रामेंद्र सूर्यवंशी, टीपीओ जसिंथ चौहान, जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल, सह प्रोफेसर विवेक यादव एवं अतिथिगण जितेंद्र पटेलर उपस्थित रहे।

समीक्षा राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा

सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले, ईमानदारी से करें कार्य, राजस्व मंत्री

डीआर संवाददाता>>सीहोर



राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सीहोर जनपद आगमन पर बैठक आयोजित कर विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों तथा शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी कार्य ईमानदारी और जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए। फेज में सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई।

राजस्व मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। प्रशासनी की गरिमा गरीब एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पुलिया निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। सभी कार्यों की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़कों के प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने सभी हलकों से प्राप्त में स्वीकृत विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय के भीतर कार्य करें और जनप्रतिनिधियों का समन्वयात्मक के साथ सहयोग करें।

राजस्व मंत्री ने खनिज योजना के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि सभी को पीएम में योजना की जानकारी कार्यरत को दी जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन-चौपाल अभियान के अंतर्गत आयोजित विविरों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विविरों में पहुंचकर नागरिक विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्रतानुसार उनका लाभ लें। सभी अधिकारी-कर्मचारी शिविर उपस्थित में मौजूद रहकर करें, जिससे आमजन को योजनाओं और विकास कार्यों का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और खेल प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। शासन खेल महोत्सव का आयोजन अच्छे और व्यवस्थित तरीके से किया जाए तथा अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को आयोजन की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद सीईओ नम्रिता घोष्टल, सीहोर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सूर्य सिंह बारेला, शंकर पटेल, हरका प्रसाद सहित विधानसभा क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कुरैशी हत्याकांड, एक आरोपी गिरफ्तार, चार की तलाश जारी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सदी थाना क्षेत्र में इसरी निवास के नजदीक लईक कुरैशी की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी अजीज को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चार अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

बुधवार को माता मंदिर और मस्जिद के पास पुराने पारिवारिक विवाद में 45 वर्षीय लईक कुरैशी पर हमला किया गया था। परिजनों के अनुसार, सलीम, अजीज, गोंडाए, हलीम और अयान ने उन्हें घेरकर पहले साथ पकड़े और फिर धारदार हथियार से हमला किया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विवाद पुराने मकान के निर्माण और रास्ते में गेट लिखाने को लेकर बताया जा रहा है। वारदात के बाद पुलिस ने रातभर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। माता मंदिर चौराहे और आसपास लगी पुलिस बल तैनात रहा। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में लईक्ट नगर स्थित मृतक के पैतृक निवास ले जाया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदन शर्मा ने बताया कि एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है और शेष चार की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर मार्गशीर्ष कृष्ण 03, 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 27 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

लसूड़िया खास में मुख्यमंत्री जन विकास शिविर आज

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के अंतर्गत आज ग्राम लसूड़िया खास में शिविर लगेगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन करें

सीहोर। दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यार्थी जन अपना आवेदन 30 नवंबर तक जमा कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तारीख 15 अक्टूबर थी।

पिता की मौत के 45 दिन बाद बेटे की भी हादसे में मौत

खामखेड़ा। ग्राम खामखेड़ा के ठाकुर परिवार पर ठंड शाह में दुहरा दुख टूट पड़ा। जॉब अहमदी के इकलौते गई हेमेन्द्र सिंह ठाकुर की सलका हादसे में गंभीर चोट के बाद इंदौर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। गुरुवार रात करीब 10 बजे आष्टा–कन्नौद मार्ग पर इको कार और बाइक की टक्कर में हेमेन्द्र और उनकी दो सहेली घायल हुए थे। गंभीरता के ही दी 5 अक्टूबर को इंदौर में मौत हो गई थी।

सोने में 1,900 और चांदी में 3,968 रुपए की तेजी

सीहोर। सर्राफा बाजार में लगातार गिरावट के बाद गुरुवार को सोने–चांदी के भाव में डायरी तेजी आई। सोना 1,900 रुपए बढ़कर 1 लाख 23 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 3,968 रुपए बढ़कर 1 लाख 47 हजार रुपए प्रति किलो पहुंच गई। इससे एक दिन पहले सोना 1 लाख 21 हजार और चांदी 1 लाख 43 हजार रुपए पर थी।

खेल मैदान पर गेहूं की बोवनी, प्रभारी ने 12 हेक्टेयर में सालभर के लिए दिया किराए पर

इछावर। नोहनपुर डेंटी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का करीब डेढ़ एकड़ खेल मैदान खेती के लिए एक साल के लिए 12 हजार रुपए में किराए पर देने का मामला सामने आया है। किराना जगदीश वर्मा ने मैदान में ट्रैक्टर से गेहूं की बोवनी भी कर दी है। स्कूल में 37 कक्षाएं और तीन शिक्षक हैं। मैदान पर फसल बोए जाने से बच्चों के खेलने की जगह सीमित हो गई है।बीआरसी सुभाष यादव ने कहा कि उन्हें भी मैदान खेती के लिए दिए जाने की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी।

युवा संसद में नशे के मुद्दे पर सत्ता पक्ष–विपक्ष आमने–सामने

मैनपुरा। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उसके दुष्प्रभावों पर गंभीर मंथन विंध्य महाविद्यालय में युवा संसद आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाते हुए प्रशासन और सुरक्षाबल से नशे की रोकथाम, इलाके दुष्प्रभावों और जनजागरूकता के उपायों पर सवाल की। संसदीय कार्यप्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों ने विषय पर अपने विचार रखे।

छापेमारी खाने के पाउच में 10 से 15 ग्राम तक कम निकला वजन, दुकानों पर छापेमारी

नापतौल विभाग की जांच में नव कीर्ति और कीर्ति गोल्ड के पैकेट मिले कम वजन

डीआर संवाददाता॰॰सीहोर



बाजार में खाद्य तेल के नाम पर उपभोक्ताओं से पूरी कीमत वसूलकर निर्धारित मात्रा से कम तेल बेचने का मामला सामने आया है। विभागों के बाद नापतौल विभाग ने सीहोर शहर में जांच अभियान चलाया। इस दौरान नव कीर्ति और कीर्ति गोल्ड ब्रांड के तेल पाउच कम वजन के पाए गए। विभाग ने इंदौर की 7 से 8 दुकानों पर जांच कर संबंधित दुकानदारों से नाप खरीदी के बिल मांगे हैं। जांच सुदूर विक्रेताओं के साथ ही माल की आपूर्ति करने वाले व्यापारियों को भी नोटिस जारी किए जाएंगे।

शिकायत के बाद शुरू की गई जांच

नापतौल निरीक्षक सहायक शर्मा ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि बाजार में बिक रहे खाद्य तेल के पाउच में निर्धारित मात्रा से कम तेल दिया जा रहा है। इसके बाद टीम ने शहर की दुकानों पर पहुंचकर नव कीर्ति और कीर्ति गोल्ड के पाउच की जांच की। जांच के दौरान पैकेट सहित पाउच का वजन लगभग 900 ग्राम पाया गया। निर्धारित मानक के अनुसार एक लीटर तेल के पाउच में कुल नेट वजन 910 ग्राम होना चाहिए। इस आधार पर जांच में उपरोक्त पाउच में करीब 10 से 15 ग्राम तक वजन कम मिलने की बात सामने आई है।

दुकानदारों से मांगे खरीदी के बिल

विभाग ने शहर की 7 से 8 दुकानों पर जांच कर संबंधित दुकानदारों से एक दिनों की खरीदी के बिल मांगे हैं। नापतौल निरीक्षक के अनुसार दुकानदारों को नोटिस जारी किए जाएंगे। साथ ही जिन व्यापारियों या संस्थाओं से दुकानदारों ने माल खरीदा है, उनके भी नोटिस तैयार कराकर भेजा जाएगा। विभाग 45 दिन लगाने की कोशिश करेगा कि कम वजन पाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई हो सके। इसके लिए कोर्ट में केस भी दर्ज कराया जाएगा।

15 लीटर के जार में भी कम वजन की शिकायत

खाद्य तेल के वजन के साथ ही कई जार के वजन में भी गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई हैं। नियम कहते हैं कि 15 लीटर के जार का वजन पैकिंग सहित 15 किलो 200 ग्राम तक होने की शिकायत है। इसके अलावा आरोप है कि कुछ स्थानों पर एक लीटर तेल के पाउच का वजन पैकिंग सहित 900 से 920 ग्राम तक पाया जा रहा है। इन शिकायतों की व्यापक जांच होना बाकी है। जांच में गड़बड़ी प्रमाणित होने पर संबंधित दोषी के लाइसेंस तक रद्द हो सकते हैं।

नकली घी की बिक्री को लेकर भी चर्चा

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली या बिना सील के घी बेचे जाने की चर्चा भी है। बताया जा रहा है कि शादी सीजन अगर शहर के नाम से घी खरीदें और बर्तन के जरिए शहर में लाया जाता है। इसके बाद कुछ दुकानों पर इसे असली बताकर बेचे जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे मामलों की जांच होने पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जिलेभर में जांच अभियान चलाने की मांग

खिलचीपुर नापतौल विभाग की कार्रवाई सीहोर शहर तक सीमित है। जिले में खुरी, इछावर और जावर सहित कई कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र आते हैं। जिले की आबादी करीब 15 लाख बताई जाती है। ऐसे में जिलेभर में जांच अभियान चलाने की मांग उठ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर दुकानों और सामीण क्षेत्रों में भी तेल की चेकिंग की जाए, तो कम वजन के मामले सामने आने की संभावना और बढ़ जाएगी। विभाग 45 दिन लगाने की कोशिश करेगा कि कम वजन पाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई हो सके। इसके लिए कोर्ट में केस भी दर्ज कराया जाएगा।

ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से प्रधानाध्यापक की मौत



डीआर संवाददाता॰॰सीहोर

इछावर थाना क्षेत्र के नाहरा घाट पर रेत से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजकीय माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक रामविलास की दुर्घटना के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी बाइक पर सवार प्रज्ञा सव–स्वयंसेवा समूह की अध्यक्ष नीतू गंगौर रस्से से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, नदगवा निवासी प्रधानाध्यापक रामविलास (पुत्र शीतलाप्रसाद) और समूह अध्यक्ष नीतू (पत्नी रामसजीवन) सपरिवार भोजन की राशि से राखियां बांध के लिसलिये से सीहोर जाए थे। तभी नियंत्रणहीन दोनों बाइक को चपेट में लेते हुए पेड़ से टकरा गई। इसी दौरान मालवा घाट के पास रेत से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उन्हीं दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान रामविलास ने दम तोड़ दिया।

महिला भोपाल रेफर, पुलिस जांच में जुटी

नीतू की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रैक्टर–ट्रॉली चालक की तलाश और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापक की मौत से स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों और नंदगवा में शोक का माहौल है।

गौरतलब है कि पुछवार मार्ग पर रेत से भरे ओवर लोड ट्रैक्टर–ट्रॉलियों के कारण हादसों की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। ग्रामीणों ने पूर्व में विरोध प्रदर्शन भी किया था। इसके बावजूद ऐसे वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सीहोर मंडी में 17,963 क्विंटल की बंपर आवक

डीआर संवाददाता॰॰सीहोर

सीहोर और रायसेन अंचल की प्रमुख कृषि उपज मंडियों में गुरुवार, 26 नवंबर को उपजों की बंपर आवक दर्ज की गई। मंडीवार प्रमुख जिन्सों के भाव इस प्रकार रहे

सीहोर मंडी मुख्य आवक में सबसे बड़ी मंडी में कुल 17,963 क्विंटल आवक हुई। अनाज मंडी में पीला सोयाबीन (उत्तम क्विंटल) 4,800 से 7,676 (मॉडल 7,440), गेहू शरबती 3,700 से 5,301, औसत्ता 2,900 से 3,300, फसलराज 2,700 से 2,900 व सीजे 2,600 से 2,885 प्रति क्विंटल बिका। मक्का 2,110 से 2,504, चना लाल 5,250 से 7,401, राईया पत्ता 7,500 से 8,048, तारसो 8,500 से 9,700, उड़द 7,976 से 8,000, मूंग 6,700 से 7,350, मसूर 5,300 व धनिया 13,300 से 14,100 रहा। सब्जी मंडी में लहसुन 8,100 से 17,500 तक प्याज 1,100 से 3,360 प्रति क्विंटल बिका।

नरसिंहगढ़ मंडी कुल 7,687.0 क्विंटल आवक में हल्दुए 2,600 से 20,400 (मॉडल 11,000), सोयाबीन 1,500 से 7,560 (मॉडल 7,300), गेहूं 11,450 से 14,850, शरबती 7,200 से 8,750, लोक 8,726 से 7,375, मसूर 3,800 से 6,250, गेहूं 1,800 से 3,075, चना 2,325 से 2,575 व चना 550 से 3,800 प्रति क्विंटल बिका।

रायसेन मंडी पीला सोयाबीन (उत्तम क्विंटल) 5,400 से 7,470 (मॉडल 7,230), लाल मोटा 4,

रेहटी, बुधनी में पुलिस की दबिश, 22,940 रुपये की शराब जब्त

डीआर संवाददाता॰॰सीहोर



अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाई अनुकंपा पुलिस ने अभियान चलाकर रेहटी कार्रवाई की। पुलिस ने रेहटी, साहनपुरा और बुधनी थाना क्षेत्रों में अलग–अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 8 प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान 45.500 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 22,940 रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी बघेल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चौधे के मार्गदर्शन और एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

रेहटी थाना पुलिस ने टिकाहट नाकाबंदी और वाहन कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों से देसी शराब के 61 क्वार्टर जब्त किए। वहीं साहनपुरा पुलिस ने बार अलग–अलग मामलों में कार्रवाई कर निताई सिंह पीना, उनराज आदिवासी, राहा राजपूत और किशन कहार के कब्जे से कुल 82 क्वार्टर शराब जब्त की।

इसी प्रकार बुधनी पुलिस ने 25 नवंबर को दो अलग–अलग मामले दर्ज किए। इसमें सुनील सोलंकी और रामेश्वर को 2,700 लीटर जीप में और 2340 लीटर देसी शराब मिली। वहीं कमल भलावी की दुकान से 7 लीटर महुआ से बनी कच्ची शराब जब्त की गई।

संविधान दिवस पर जिले के शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में हुआ उद्देशिका का सामूहिक वाचन

डीआर संवाददाता॰॰ सीहोर





संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को जिलेभर में विभिन्न कार्यालय आयोजित किए गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, जिला पंचायत सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर संविधान के प्रति निष्ठा और उसकी मूल्यों को पालन करने की शपथ ली।

इसी क्रम में जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों तथा महाविद्यालयों में भी संविधान दिवस मनाया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया तथा संविधान में निहित मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पहले का संदेश दिया।

कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों के संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता के सिद्धांतों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी को संविधान के प्रावधानों का पालन करने और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर जिले की दुग्ध समितियों में हुए आयोजन

डीआर संवाददाता॰॰सीहोर



खेत अरिते के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की 106वीं जयंती एवं राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर जिले की विभिन्न दुग्ध समितियों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दुग्ध उत्पादकों को सलाह दूध उत्पादन, पशुओं के नियमित टीकाकरण और दुग्ध संकलन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

दुग्ध महासंघ भोपाल की टीम ने दूध समिति भवलेती पहुंचकर दूध के दूध संकलन का निरीक्षण किया और उत्पादक किसानों से चर्चा की। रिटोरा, बडनगर और भंडेरी समितियों में भी अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

दुग्ध शीत जेंद्र मालवीयाना से संबंधित समिति में संगीत, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ और मंजल प्रतियोगिताएं हुईं। वहीं पखरी दुग्ध समिति में संगीत, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ और रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रमों में दुग्ध संघ की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा दो जरूरतमंद दुग्ध उत्पादकों को चिकित्सा सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। इसके अलावा दूध की गुणवत्ता बढ़ाने, साफ–सफाई और वैज्ञानिक तरीकों से दूध दुहने के तरीकों पर विशेष चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री निःशुल्क रजिस्ट्री योजना में सीहोर पिछड़ा, प्रदेश में 18वें स्थान पर

1.32 लाख के लक्ष्य के मुकाबले अब तक केवल 67,430 रजिस्ट्रियां पूरी

डीआर संवाददाता॰॰ सीहोर



सामीण परिवारों को उनकी पुश्तैनी और आबादी भूमि पर वैधानिक मालिकाना हक दिलाने के लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री निःशुल्क रजिस्ट्री योजना चला रही है, लेकिन सीहोर जिले में योजना की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। जिले को 1 लाख 32 हजार रजिस्ट्रियों का लक्ष्य दिया गया है, जबकि अब तक केवल 67 हजार 430 रजिस्ट्रियां ही पूरी हो सकी हैं। इस उपलब्धि के साथ सीहोर संभाग के छह जिलों में 18वें स्थान पर है।

खास बात यह है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री उदय सिंह वर्मा सीहोर जिले की इछावर विधानसभा से विधायक हैं। इसके बावजूद उनके गृह जिले में योजना का क्रियान्वयन धीमी गति से हो रहा है। लक्ष्य के मुकाबले लगभग आधा काम ही पूरा होने से हजारों ग्रामीण परिवारों को अभी भी स्थायित्व अधिकारों के लिए भटकना पड़ रहा है।

मंदसौर और उज्जैन सबसे आगे

योजना के तहत प्रदेश में अब तक कुल 27 लाख 26 हजार 186 रजिस्ट्रियां पूरी की जा चुकी हैं। जिलेवार प्रगति में मंदसौर 42 हजार 442 रजिस्ट्रियों के साथ पहले स्थान पर है। उज्जैन दूसरे, सिंगरौली तीसरे, छिंदवाड़ा चौथे और रायसेन पांचवें स्थान पर है। वहीं धारपुर, खंडवा, बालाघाट, जबलपुर, कटनी, खरगोन, शिवपुरी, शाजापुर, पिछोर, नरसिंहपुर, रतलाम और देवास जैसे जिले भी सीहोर से आगे हैं।

50 लाख परिवारों को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शुरू इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के 41 हजार से अधिक गांवों के करीब 50 लाख परिवारों को आबादी भूमि पर बने मकानों और गृहस्थों का निशुल्क वैधानिक मालिकाना हक देना है। सरकार इस पर करीब 5,400 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। रजिस्ट्री होने से ग्रामीणों को संपत्ति विवादों से रक्षा मिलने के साथ बैंक ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी। प्रशिक्षण एवं सर्वेक्षण के लिए राजस्व और पंचायत विभाग के फील्ड तथा मैदानी दल को अलग से मानदेय भी तय किया गया है। इसमें बाउंड्री सीहोर में ग्राम की रकबार बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है।

गर्भवती महिला से दुष्कर्म के आरोपी जेठको 14 साल की सजा

डीआर संवाददाता॰॰खुरकाई

सात महीने की गर्भवती महिला से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी जेठ अर्जुन कुशवाह को दोषी करार देते हुए 14 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से एडीपी राजवीर सिंह दांगी ने बताया कि घटना 14 अप्रैल 2025 की है। पीड़िता की शादी करीब एक वर्ष पहले हुई थी और घटना के समय वह सात महीने की गर्भवती थी। पीड़िता करीब 12 बजे उसका पति काम से पेटलुडा गांव से घर आया, जबकि सास घर में अकेले थी। इसी दौरान घर में पहुंचे आरोपी जेठ अर्जुन कुशवाह ने सास को धमकाकर बाहर भेज दिया और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता ने पति और सास के साथ थाना खुरकाई पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-03-2083 विदिशा,दिन,शुक्रवार ,दिनांक 27 नवंबर

न्यूज गैलरी

दो प्रकरणों में नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। पुलिस अधीक्षक श्री योगेश चन्द्रावली के द्वारा थाना बासौदा शहर विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 477/2026 की विभिन्न धाराओं के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाली को दस हजार रूपए की एवं थाना कोतवाली जिला विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 723/2026 के फरार आरोपियों में अभिषेक कोरव और भोला बघेल निवासीगण ग्राम लोधाखेड़ी थाना रूपवाहिनी जिला विदिशा की सूचना देने वाली को क्रमशः पांच-पांच हजार रूपए (प्रत्येक पर) नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

पोस्टर प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता हुई

विदिशा। 73वें संविधान दिवस पर महारानी प्रताप कॉलेज एवं अंजीस प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संविधान विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने संविधान द्वारा दी गई मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रदीप सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए पहले अपने कर्तव्यों का पालन करने की सीख दी। पोस्टर प्रदर्शनी के समन्वयक मनीष शुक्ल ने लघु फिल्मों और स्लाइड्स के माध्यम से सामाजिक समानता का संदेश दिया। इस दौरान संविधान आधारित क्विज में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।

रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

विदिशा। संविधान दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केजेव नगर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर उसके आदर्शों के प्रति निष्ठा व्यक्त करने की शपथ ली। विद्यालय में संविधान विषय पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। आचार्य तुलसी चौहान ने बताया कि संविधान लोकतंत्र की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समता के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

महात्मा फुले समता परिषद ने किया आयोजन

विदिशा। अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। परिषद विदिशा शहर इकाई ने लगातार पांच आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह एवं ओबीसी एकता परिषद के जिला अध्यक्ष फौजी रवींद्र बाथरे उपस्थित रहे। परिषद की ओर से अतिथियों को संविधान की पुस्तक भेंट की गई। अध्यक्ष नवनीत कुशवाह ने स्वागत भाषण दिया। संचालन नीरज कुशवाह ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक वोट की कीमत को समझें और एक वोट की चोरी से देश को बड़ा नुकसान होता है।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान एक दिसंबर को विदिशा आएंगे

विदिशा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 1 दिसंबर को विदिशा आगमन पर करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन होगा।

बिजली कंपनी ने पहली बार की अपने अफसरों पर कार्रवाई, चार अधिकारियों का वेतन काटा

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की अनदेखी करना पड़ा महंगा

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं और सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को संज्ञान में नहीं लेना बिजली कंपनी के चार अधिकारियों को महंगा पड़ गया। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर बिजली कंपनी ने पहली बार अपने ही अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कंपनी ने चार विद्युत केंद्रों के प्रभारियों का एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई कलेक्टर अंशुल गुप्ता की सख्त हिदायतों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा के बाद की गई है। इसके बाद मुख्य अभियंता (वितरण केंद्र) विदिशा ने सभी अधीक्षण अभियंताओं, अधिशासी अभियंताओं एवं उपखंड अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की जा रही है।

2 हजार रुपए की शास्ति'

इधर, लंबे समय से लंबित लंबित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर कलेक्ट्रेट विभाग के चार अधिकारियों को भी सजा मिली है। अपर कलेक्टर एवं डिवीजनल अधिकारी मैना सहकार ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत चार चिन्हित अधिकारियों पर कुल 2 हजार रुपए की शास्ति लगाने के आदेश जारी किए हैं। प्रत्येक अधिकारी पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

लोक सेवा के चार अधिकारियों पर भी

कलेक्ट्रेट विभाग की अधिसूचित सेवाओं से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई और समीक्षा के दौरान अनेक लंबित प्रकरण-सीमा से निराकृत नहीं पाए गए थे। इस पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। अधिकारियों से जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर तीन प्रकरण 529 रुपए के हिसाब से शास्ति लगाने का निर्णय लिया गया।

जुर्माने की कार्रवाई सिरोंज तहसील के नायब तहसीलदार पंकज क्षत्रक-2, बासौदा तहसील के आहरन कुंवर, लटेरी तहसील के आनंदपुर पुरा क्षत्रक-1 और ग्यारसपुर तहसील के सिकरूड़ को गई है। प्रशासन का उद्देश्य सरकारी सेवाओं में अनावश्यक देरी रोकना और नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में सुविधाएं उपलब्ध कराना है। हजारात निगरानी के जरिए अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर जोर दिया जा रहा है।

ढाई करोड़ की लागत से होगा दो रोड बनाई जाएंगी



डीआर संवाददाता ✉ ग्यारसपुर

हैदरगढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक हरिशंकर खटीक ने करीब 2.55 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली दो सड़कों का भूमिपूजन किया। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के 10 से 15 गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

विधायक ने ग्राम सेमस इसलपुरा से देवपुरा गेस रोड से गांव तक बनने वाली 650 मीटर लंबी सड़क का भूमिपूजन किया। इस सड़क के निर्माण पर 40 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं सलका पलासोद से गौडीदूर बेगमगंज रोड तक 3.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 2 करोड़ 15 लाख 30 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। दोनों सड़कें अल्पवर्षी ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत हैं।

इस अवसर पर विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और बेहतर आवागमन के साधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने आमनबावली केंद्रों की अध्यापकाओं और बच्चों को समय पर भोजन नहीं मिलने की शिकायत भी की। इस पर विधायक ने संबंधित जिम्मेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में बालक उपस्थितारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भारत के संविधान उद्देशिका का वाचन संयुक्त कलेक्टर सुश्री निशिता तिवारी ने किया। जिले अपर कलेक्टर नीरज पारधी, संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा, एसडीएम मनीष जैन, डिप्टी कलेक्टर निशेष जैन सहित अन्य सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने दोहराया है।

मादक पदार्थ मिलने वाले ठिकानों को हटाया

विदिशा। शहर में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए दुरुस्त टीपटर पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।एसडीएम की अध्यक्षता में कार्यालय के ठीक सामने खाली पड़ी और सीएमओ कंपाउंड की दीवार से सटकर चली गई अवैध गुमटियों को ध्वस्त कर जब्त कर लिया गया। इस दुकानों में मालवाल और सहायक सुधारने (पैरेड) की आड़ में दुरुपयुक्त तरीके से तुलसी, गांजा पाउडर और अन्य मादक पदार्थ बेचे जा रहे थे। टीमाई कर्मचारी आनंद राय ने बताया कि इन दुकानों में सुधार के लिए नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रैनबसेरा में सुधार के लिए कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन गुमटियों से तुलसी और नशा सामग्री ऐसे खाने की लगातार सूचना मिल रही थी।

कुरवाई के 24 गांवों में आज लगेंगे शिविर

विदिशा। दूरभाष को कुरवाई उपखंड के पैनेल्यूम और लाइन कंडक्टर की 24 घंटा फाल्टों में रिमोट सिटिंग लाइट लाईने होने कंडक्टर की 12-12 मेंडलों में रिकॉर्ड किसी के अधिकारी मौनुल सहायक प्रबंधों की जानकारी का निराकरण करने और सात दिवसीय से बालमीय योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। शिविर में हीरक हेलमाहार, सनकुनवाई, बलवंत प्रकाश, नागरिक, मीनाक्षन, आयुष्मान कार्ड, पत्रक अंडेडी और समग्र ई-केवाईसी के फाल्टों का निराकरण किया जाएगा।

एयर रेड और ब्लैकआउट मॉक ड्रिल, सायरन बजाकर बंद कराई लाइटें

डीआर संवाददाता ✉ सिरोंज।

हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को विदिशा में एयर रेड और ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित की गई। स्थानीय प्रशासन ने यह मिशन के निर्देश पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में हुए इस अभ्यास में जिला प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।



मॉक ड्रिल की शुरुआत एयर रेड सायरन बजाकर की गई। इसके बाद ब्लैकआउट कर घरों की लाइटें बंद कराई गईं। लोगों को ऐसी स्थिति में दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने तथा बाहर रोशनी नहीं दिखने देने की जानकारी दी गई।

इसके बाद सभी एंब रेलवू टीम ने मामलों को सतोषने, सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और प्राथमिक उपचार देने का अभ्यास किया।

मेडिकल टीम की सहायता से मामलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया भी प्रदर्शित की गई।

अग्निशमन और राहत-बचाव गतिविधियों का भी अभ्यास हुआ।

अपर कलेक्टर नीरज सिंह के अनुसार, अभ्यास में एसडीआरएफ, एनडीएफ, अग्नवा सिंह से करीब 100 और सिविल डिफेंस के करीब 100 सदस्य सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। डिप्टिकट कमांडेंट मनोज कुमार जैन के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इसका उद्देश्य आपदा स्थिति में त्वरित और समन्वित राहत-बचाव कार्यों का प्रशिक्षण देना था।

एसडीएम ने रैनबसेरा का किया निरीक्षण, दो दिन में पुताई कराने के निर्देश दिए गए

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



इस स्टेट मिल रैनबसेरा में साफ़ियों को उपलब्ध सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरुवार को एसडीएम मनीष कुमार जैन ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सुधारने (पैरेड) की आड़ में दुरुपयुक्त तरीके से तुलसी, गांजा पाउडर और अन्य मादक पदार्थ बेचे जा रहे थे। टीमाई कर्मचारी आनंद राय ने बताया कि इन गुमटियों से सुधार के लिए नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रैनबसेरा में रैनबसेरा पक्ष की सभी समस्या से पुताई नहीं होने की बात सामने आई। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दो दिन में व्यवस्था करने को कहा। साथ ही परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि रात के समय महिलाओं को परेशानी न हो। निरीक्षण में रैनबसेरा पक्ष की सभी समस्या से पुताई नहीं होने की बात सामने आई। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दो दिन में पीतल पुताई का प्रबंध पूरा कराने के निर्देश दिए। एसडीएम जैन ने कहा कि रैनबसेरा में आने वाले तीन दिन बाद सोमवती तिवारी (30) के रूप में हुई है। पेन मजदूरी करने वाले की यह बताकर घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे थे। एसडीएम गौरा सिंह चौरेसियोंने में हुई, इसकी जांच जीआरपी कर रही है।

जानकारी के अनुसार, 23 नवंबर को रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना पर जीआरपी के थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। मृतक की पहचान नहीं होने पर शव मेडिकल कॉलेज में रखवाया गया और फोटो सोशल मीडिया, समाचार पत्रों व आसपास के थानों में भेजे गए।

फोटो देखकर परिजनों को जानकारी मिली। बुधवार को अजय के बड़े भाई सुलेश कुशवाह ने जीआरपी थाने पहुंचकर उनकी पहचान की। सुलेश ने बताया कि अजय 23 नवंबर की सुबह मजदूरी पर जाने की बात कहकर निकले थे। काफी देर नहीं आने पर परिजनों ने तलाश की और मंगलवार को गुमशुदगी की सिकायत दर्ज कराई थी।

अजय मजदूरी कर परिवार चलाते थे। उनके दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र सात और नौ साल है। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

मजदूरी पर निकले युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव, तीन दिन बाद हुई पहचान

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



सिरोंज की सूचना पर जीआरपी के थाना प्रभारक नरेंद्र सिंह यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। मृतक की पहचान नहीं होने पर शव मेडिकल कॉलेज में रखवाया गया और फोटो सोशल मीडिया, समाचार पत्रों व आसपास के थानों में भेजे गए।

फोटो देखकर परिजनों को जानकारी मिली। बुधवार को अजय के बड़े भाई सुलेश कुशवाह ने जीआरपी थाने पहुंचकर उनकी पहचान की। सुलेश ने बताया कि अजय 23 नवंबर की सुबह मजदूरी पर जाने की बात कहकर निकले थे। काफी देर नहीं आने पर परिजनों ने तलाश की और मंगलवार को गुमशुदगी की सिकायत दर्ज कराई थी।

अजय मजदूरी कर परिवार चलाते थे। उनके दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र सात और नौ साल है। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

संविधान दिवस

संविधान के महत्व, अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी कॉलेज में आयोजित किया विशेष सत्र, लोकतंत्र, समानता और नागरिक कर्तव्यों पर हुई चर्चा

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को एमपी तो सांसिक विदिशा की ओर से डीट मैरी कॉलेज में भारतीय संविधान की अवधारणा विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को संविधान निर्माण की परिस्थितियों, उसके महत्व, नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भूमिका समझाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. वंदना द्विवेदी ने की। उन्होंने अतिथियों और उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अधिवक्ता दीपेश साहू ने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूपों में कार्यों में स्वयं का शासन स्थापित करने की भावना को मजबूत किया था। स्वतंत्रता के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनाने के पीछे भी यही विचार था कि देश के नागरिक अपने शासन का संचालन स्वयं करें।

उन्होंने बताया कि संविधान केवल शासन चलाने का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता और न्याय जैसे मूलभूत मूल्यों का आधार है। संविधान कार्यकर्ताओं को अधिकार प्रदान करने के साथ उनके कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। इन कर्तव्यों को दायित्व और आपने व्यवहार में अपनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के प्रति जागरूक बनने और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

प्रश्नोत्तर के बाद किया प्रस्तावना का वाचन

विशेष सत्र के दौरान विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर भाषण, पोस्टर, स्लोगन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा, राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से साथ हुआ। इसके बाद प्राचार्य डॉ. वैजंती अतिरेखर ने प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। सभी ने सांविधानिक मूल्यों के पालन का संकल्प लिया।

प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संविधान के मूल आदर्शों, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। अतीश मेमरी फाउंडेशन की अंकिता कहार और मोहम्मद कमर आलम ने पीपीटी के माध्यम से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की।

प्राचार्य डॉ. अतिरेखर ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साधना कुशवाे ने किया। अंत में डॉ. चंद्रकला अस्थाने ने आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित रहीं।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-03-2083 राजगढ़,दिन शुक्रवार दिनांक 27 नवंबर 2026

न्यूज गैलरी

कालीसिंध नदी में डूबने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

राजगढ़। नदी के नयुरा घाट पर गुरुवार को कपड़े धो रहे बालीदो निवासी 60 वर्षीय नारायण सिंह मालवीय की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये दोस्तों की तरह गुरुवार को भी स्नान के लिए सारंगपुर आए थे। इसी दौरान नयुरा घाट पर नदी में डूब गए। सूचना मिलने पर एसडीएम दीपक परमार और आरक्षक विनय कनवारी गुर्जर मौके पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय रू संविधान की उद्देशिका का वाचन किया

राजगढ़। संविधान दिवस पर गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह के अतिरिक्त में न्यायाधीशों, अभिभाषकों, न्यायिक कर्मचारियों, सीएस एवं विभिन्न कार्यालयों और पैरालीगल वालेन्टियर्स ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया।

प्रवेश पत्र पर उत्कृष्ट का नाम, परीक्षा सांदीपनि में

राजगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 29 को जिले के 8 केंद्रों में होगी। नरसिंहगढ़ केंद्र को लेकर परीक्षार्थियों के लिए सूचना जारी की गई है। प्रवेश पत्र पर जिनका परीक्षा केंद्र हायर्सेकेंडरी स्कूल नरसिंहगढ़ लिखा है, उन्हें वर्तमान नाम सांदीपनि एमा विद्यालय नरसिंहगढ़ में परीक्षा देने पहुंचना होगा।

घर में जलते हैं 4 बल्ब और बिल आया 9400 रु. का

राजगढ़। एक बिजली उपभोक्ता ने बिजली कंपनी कार्यालय में आवेदन देकर बिजली का मनमाना बिल दिए जाने की शिकायत की है। घोंसा खाटी निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि वे पेशे से श्रमिक हैं और उनके घर में केवल चार बल्ब जलते हैं। इसके बावजूद जनवरी अक्टूबर में 8000 रुपए का बिल आया। इसके बाद नवंबर में उन्हें 9400 रुपए का बिल मिला। जबकि न तो इतनी उनकी आय है और न ही उनके घर में बिजली की इतनी खपत होती है। उपभोक्ता कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही उनके यहां यह परेशानी आने लगी। उन्होंने बिजली कंपनी से उचित शिकायत की मांग की है।

नायके में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

राजगढ़। सदर के पुरा क्षेत्र में बुधवार शाम एक 22 वर्षीय विवाहिता ने अपने घिरा के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन और पड़ोसी उसे जिला अस्पताल लेकर आए जहां जांच डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। विवाहिता की मौत की खबर गांवभर में खासा दुख गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका संतोषा पुत्री गोहनसिंह राईव खजोदा का विवाह करीब चार वर्ष पहले राजगढ़ में हुआ था। विवाह के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के साथ उसकी अनबन चल रही थी। इसी के चलते कुछ समय पहले वह ससुराल छोड़कर राजगढ़ स्थित अपने पिता के घर रहने लगी थी, यहीं, पति से अलगाव के बाद न्यायालय में तलाक का मामला भी विचाराधीन था। बुधवार शाम करीब 6 बजे जब मायरा आने घर में अकेली थी उसी दौरान उसने फांसी लगाकर

संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित

भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान को लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला बताया

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़,जीरापुर



संविधान दिवस के अवसर पर राजगढ़ और जीरापुर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संविधान के महत्व और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया गया। इस दौरान कहीं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई, तो वहीं विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों की जानकारी दी गई।

बाबा साहब के योगदान को किया याद

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल सारंगपुर की ओर से ब्यावरी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसी क्रम में बाबा साहब के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज पिपरदे, पार्षद कुलदीप सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर टेलर,